an>

Title: Need to take steps to keep communal harmony in the country.

श्रीमती रमा देवी **(शिवहर):** धन्यवाद, अध्यक्ष महोदया।

यह अति आवश्यक सूचना मैं आपको दे रही हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में पूर्वी चम्पारण जिले के ढाका प्रखण्ड के फुलवरिया गांव में ब्रह्मस्थान में कल शाम पूजा में एक विशेष समुदाय के लोगों द्वारा बाधा पहुंचाई गयी। दिनांक 08/03/2015 को हजारों की संख्या आकर इस समुदाय के लोगों ने बिहार सरकार के जिला प्रशासन की आंखों के सामने साम्प्रदायिकता फैलाने की कोशिश की, लाउडस्पीकर बजाने से रोक दिया। अब लोग यह सोच रहे हैं कि हिन्दुस्तान के लोग पूजा करने कहां जाएं, अगर हिन्दुस्तान में पूजा न करने कहां जाएं, क्या पाकिस्तान जाएं। ऐसी स्थिति आ गयी है कि केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती कर पूरे क्षेत्र में एक विशेष समुदाय द्वारा दबंगई दिखाई जा रही है। उस पर अविलम्ब प्रतिबन्ध लगे, साम्प्रदायिक सद्भाव और कानून व्यवस्था बनाए रखने में अगर राज्य सरकार विफल रहती है तो उसे बर्खास्त कर समाज में शांति स्थापित की जाए।

साथ ही, मैं यह बताना चाहती हूं कि फुलवरिया के बगल में चन्दनबाड़ा में एक समुदाय विशेष का विश्वविद्यालय है, जिसमें अवैध रूप से विदेशी नागरिकों के रहने की खबर मिलती है। यहां तक कहा जाता है कि उस संस्थान के तहखाने में अवैध हथियार और जाली नोट का भण्डार होता है। पूर्व में पुलिस ने कई बार उस कैम्पस में रेड करने की कोशिश की, परन्तु पुलिस को उसमें घुसने की इजाजत नहीं है। सुनने में आ रहा है कि वे लोग हिन्दुओं को वहां से भगाना चाहते हैं ताकि वहां समुदाय विशेष के लोग देशद्रोही गतिविधियों में बिना रोक-टोक लगे रह सकें। इसलिए वहां शांति-व्यवस्था स्थापित करने के लिए कोई व्यवस्था की जाए। मैं मांग करती हूं कि आई.बी. और रॉ को इसकी जांच करने के लिए दिया जाए, जिससे राष्ट्रद्रोही लोगों को पनपने का मौका नहीं मिले और हमारे लोग सुरक्षित रहें।